an>

Title: Need to provide irrigation facilities to farmers of Allahabad Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh

श्री श्यामा चरण गुप्त (इलाहाबाद) : अध्यक्ष महोदया, मेरे इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के यमुनापार क्षेत्र में चार विधान सभा क्षेत्र हैं। इस सत्र में वऐााऩ न होने के कारण खेती/कृएिा से फसलें ठीक नहीं हुई हैं। इसी क्षेत्र में स्थित नैनी के औद्योगिक क्षेत्र की प्राइवेट व पब्लिक सैक्टर की इकाइयां भी बंद होने के कगार पर हैं, जिससे इस क्षेत्र में वर्तमान में खेती, रोजगार के समाप्त होने के कारण किसानों, मजदूरों व अन्य नागरिकों का जीवन निर्वाह करना अत्यंत कठिन हो गया है। बारिश की कमी से किसानों की दशा दयनीय हो गयी है, जिसे देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इस क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोाित किया जाये तथा किसानों को उनकी फसलों हेतु क्षतिपूर्ति की जाये तथा उनके सभी प्रकार के ऋण माफ किये जाये। यह भी आवश्यक है कि इस समस्या से निपटने के लिए सिंचाई हेतु पर्याप्त साधन, जैसे नलकूप का निर्माण, नहरों में पानी का प्रबंध किया जाये, जिससे दीर्घकालिक लाभ हो सके। नैनी क्षेत्र की बंद हो चुकी इकाइयों व बंद होने के कगार पर बीपीसीएल नैनी व आईटीआई नैनी को संचालित करने के लिए सरकार द्वारा ठोस प्रयास किया जाये। इस संबंध में मैंने कई पत्र माननीय मंत्रीगण को लिखकर समस्या से अवगत कराया है। बुन्देलखंड में सिंचाई हेतु नलकूपों को लगाने का काम किया गया है। बुन्देलखंड से हमारे यमुनापार की सिंचाई सुविधा अधिक दयनीय है। पूर्व में मैंने उक्त यमुनापार क्षेत्र में सिंचाई सुविधा देने के लिए 500 नलकूप लगाने के संबंध में निवेदन किया था, किन्तु खेदजनक है कि मेरी उपरोक्त मांग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके कारण इस क्षेत्र के किसान सूखे का सामना कर रहे हैं।

अतः आपके माध्यम से मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इस विएाय पर विशेऐ ध्यान दिया जाये।

माननीय अध्यक्ष : जीरो ऑवर में बहुत लंबा-चौड़ा भाऐाण नही दिया जाता है।

कुंवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल, श्री शरद त्रिपाठी और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री श्यामा चरण गुप्त द्वारा उठाए गए विऐाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।